**Regarding need to establish a Cooperative University in Jaipur Parliamentary Constituency-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** यह अति प्रसन्नता की बात है कि एक सहकारी विश्वविधालय गुजरात के आणंद मे स्थापित होने जा रहा हैं । यह विश्वविधालय सहकारी क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्व होगा । मैं केन्द्र सरकार से प्रार्थना करती हूँ कि आणद की तर्ज पर एक सहकारी विश्वविधालय मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में भी खोला जाये ताकि यहां के सहकारी क्षेत्र का भी विकास हो सके । यह सहकारी विश्वविधालय सहकारी क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास को बढावा देगा और इसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और स्वरोजगार को बढावा देना होगा ।